Title: Demand to construct the bridges over Yamuna river from Gita Colony to Shantivan and near to Wazirabad.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : अध्यक्ष जी, 18 नवम्बर 1997 को मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वजीराबाद पुल पर हुई दुर्घटना में 28 बच्चों की मृत्यु हो गयी थी और करीब 62 बच्चे घायल हुए थे। वहां पर उसी प्रकार की और कोई दुर्घटना न हो, इसके लिए बच्चों के अभिभावकों ने एक एडीशनल पुल के बनाने की बात कही थी। लेकिन वह पुल आज तक नहीं बनाया गया है। इसी तरह से जमुनापार और पूर्वी दिल्ली की बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए गीता कालोनी से शांति वन तक एक पुल बनाने की बात कही गयी थी।

चूंकि इसके बनने में तीन-चार वर्ा लगेंगे इसलिए मार्जिनल बांध पुस्ता से मजनू टीला तक पंटून पुल का निर्माण किया जाना चाहिए लेकिन ऐसी कोई योजना शुरु नहीं हुई। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि वजीराबाद पुल के पास एक नया पुल शीघ्र बनाया जाए, गीता कालोनी शमशान घाट से शांति वन तक एक पुल बनाया जाए और उपरोक्त पंटून पुल शीघ्र बनाया जाए ताकि दिल्ली की जनता को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।